RNI No.: DEL/BIL/2004/14598

# Youngster



Where dream Chisels into reality

YOUNGSTER • ESTABLISHED 2004 • NEW DELHI • November 2023 • PAGES 4 • PRICE 1/- • MONTHLY BILINGUAL (HIN./ENG.)

# 'Varchasva - 2023' organized at Tecnia Institute of Advanced Studies





New Delhi, December 7, 2023: Tecnia Institute of Advanced Studies' two-day mega fest 'Varchasva-2023' concluded with a bang at Dilli Haat on Thursday. The main attraction of the second day of this two-day fest was the fashion show. Students displayed their versatile talents in different rounds of the fashion show. There was a lot of excitement and enthusiasm in the closing ceremony which lasted till late evening.

Chairman of Tecnia Institute of Advanced Studies, Shri R.K. Gupta graced the occasion as the honored chief guest. His presence was a testament to his support and encouragement for the Institute's commitment towards holistic education. On this occasion he encouraged the students. Addressing the students, he said that in the present competitive era, students are expected to be innovative and investigative so that they can adjust to the rapidly changing technology and education and create a meaningful life for themselves. He said that cultural programs like 'Varchasva-2023' provide a platform to the students which helps in enhancing their talent. After distributing awards to the participants in the closing ceremony, he also congratulated all the participants and organizers for the successful organization of 'Varchasv-2023'.

Director of the Institute, Dr. Ajay Kumar and Dr. (Prof.) M.N. Jha, Dean Academics also addressed the program. Director Dr. Ajay Kumar said that such programs are necessary for the all-round development of students. Dean Academics Dr. M.N. Jha said that the institute provides an opportunity to showcase the talent of the students by organizing such programs.

'Varchasva-2023' was organized for two days. On the first day of the program, all the programs were organized in Tecnia Auditorium. Students participated with zeal and enthusiasm. The program started with the auspicious lamp lighting ceremony dedicated to Goddess Saraswati, the symbol of knowledge and wisdom. On the first day, students showcased their diverse talents through exciting activities. The cultural programs showcasing the versatile skills and creativity of Tecnia students included photography, creative writing, ad-mania, poetry, rangoli, poster making, fashion parade, street drama, solo dance, solo singing, group dance. Shreya Dev and Bhumika Sharma of Tecnia were awarded in Debate, Sonali of Sri Aurobindo College in Just a Minute, Madhu Negi of Daulat Ram College and Tashmin Kumar of R-DICE were awarded in Monoact Competition. All the programs of the second day were organized at Dilli Haat. The stage bathed in musical waves and multicolored lights at Dilli Haat doubled the enthusiasm of the students. The main attraction of the second day was the fashion show.

Students from various colleges of Delhi also participated in mono singing, mono dance and group dance in the program. Along with this, twelve street plays were also organised. At the end of the program, the winners of 'Varchasva 23' competitions were honored with certificates and mementos. Radhika was chosen as Miss Varchasva and Evyan was chosen as Mr. Varchasva.
















# Women Empowerment

## Making The World A Better Place



Yogita Bhardwaj

We are living in an age of women empowerment. Women over the world are working shoulder to shoulder with men. By and large, they are now empowered to make decision about different aspects of their life and profession.

**Benefits of Women Empowerment:**

Women empowerment adds to confidence of women in their ability to lead meaningful and purposeful lives. It removes their dependence on others and makes them individuals in their own right.

- They are able to lead their lives with dignity and freedom
- It adds to their self esteem
- It gives them a distinct identity
- They are able to gain positions of respect in society
- As they are financially independent they are able to spend on all their needs and desires
- They are able to make meaningful contributions to the well-being of society
- They act as capable citizens to make the country achieve enhanced Gross Domestic Product (GDP) growth
- They get fair and equitable access to resources of the country

**Necessity of Women's Empowerment**

- Without women's empowerment, we cannot remove injustice and gender bias and inequalities.
- If women are not empowered, they cannot enjoy security and protection in life
- It also provide them a safe working environment
- Empowerment acts as a powerful tool against exploitation and harassment of women




- It is a great means to get adequate legal protection for women
- If not socially and economically empowered, women cannot develop their own identity
- If women are not employed, the global economy will be adversely affected as women constitute a vast chunk of the world's population
- Women are highly creative and intelligent which makes it imperative to receive their contributions in socio-economic activities
- For a progressive society, women need to be provided equal opportunities for work

**Means of Women Empowerment**

- **Education:** Without proper and adequate education, women cannot become empowered individuals. They need to be encouraged to go for higher studies so that they can contribute significantly in the creation of a knowledge society
- **Communication Skills:** Without developing skills for effective communication, women cannot make their voices heard. It is essential for them to communicate effectively to become successful. As leaders, they need to put across their points to the people so that a family, team or company can be effectively managed.
- **Disposable Income:** Women need to earn well to have their say in important financial decisions governing their lives. Being financially independent gives women power over lives and also contributes to the growth of businesses.
- **Power of Internet:** Access to the internet has opened the floodgates of knowledge and awareness and increased social interaction reach and influence of women. The liberalizing influence of the World Wide Web has broken all taboos, myths and misconceptions regarding women.
- **Conclusion:** Women Empowerment helps to make the society and world a better place to live in and march forward on way to inclusive participation. It means increase happiness for the family and the organizations where women make a difference.

**Women Empowerment: Key to Social and Economic Growth**

Women empowerment can be defined as a process leading to enhancing women's control over financial, human and intellectual resources in society. In any nation, the women empowerment can be measured by extent of their involvement in social, economic and political fields. Women can be made said to be truly empowered only when all the factors such as self-worth of women, their right to control their own lives, their ability to bring about social change, are addressed simultaneously.

- Need for Holistic Empowerment of Women: Participation of women in politics through reservation is undoubtedly a positive development of recent times. Still, only the election should not be the end, but the active participation of women in decision making process and in planning and implementation of development programmes is also required.
- Women empowerment implies the ability in women to take decisions with regard to their life and work and giving equal rights to them in all spheres like: personal, social, economic, political, legal and so on.




**Women Empowerment : Winds of Change**

Women empowerment has become the buzzword today with women working alongside men in all spheres. They profess an independent outlook, whether they are living inside their home or working outside. They are increasingly gaining control over their lives and taking their own decisions with regard to their education, career, profession and lifestyle.

With steady increase in the number of working women, they have gained financial independence, which has given them confidence to lead their own lives and build their own identity. They are successfully taking up diverse professions to prove that they are second to none in any respect.


But while doing so, women also take care to strike a balance between their commitment to their profession as well as their home and family. They are playing multiple roles of a mother, daughter, sister, wife and a working professional with remarkable harmony and ease. With equal opportunities to work, they are functioning with a spirit of team work to render all possible co-operation to their male counterparts in meeting the deadlines and targets set in their respective professions.

Women empowerment is not limited to urban, working women but women in even remote towns and villages are now increasingly making their voices heard loud and clear in society. They are no longer willing to play a second fiddle to their male counterparts. Educated or not, they are asserting their social and political rights and making their presence felt, regardless of their socio-economic backgrounds.

While it is true that women, by and large, do not face discrimination in society today, unfortunately, many of them face exploitation and harassment which can be of diverse types: emotional, physical, mental and sexual. They are often subjected to rape, abuse and other forms of physical and intellectual violence.

Women empowerment, in the truest sense, will be achieved only when there is attitudinal change in society with regard to womenfolk, treating them with proper respect, dignity, fairness and equality. The rural areas of the country are, by and large, steeped in a feudal and medieval outlook, refusing to grant women equal say in the matters of their education, marriage, dress-code, profession and social interactions.

# Ensuring a Safer Tomorrow : The Imperative of Food Safety



Tanisha

Food safety is a paramount concern that affects every individual on the planet. In an increasingly globalized world, where food travels across borders and continents, ensuring the safety of our food supply chain is of utmost importance. This article explores the significance of food safety, the challenges it poses, and the measures taken to protect consumers from potential hazards.

**The Importance of Food Safety**

Safe food is a basic human right. Contaminated or unsafe food can lead to a range of illnesses, from mild gastroenteritis to severe diseases and even death. Vulnerable populations, such as children, the elderly, and individuals with weakened immune systems, are at higher risk. Beyond health concerns, foodborne illnesses can lead to economic losses for individuals and nations, impacting productivity and healthcare systems.

**Common Food Hazards**

Food safety hazards come in various forms, including biological (bacteria, viruses), chemical (pesticides, toxins), and physical (foreign objects). Improper food handling, inadequate cooking, and cross-contamination are common causes of foodborne illnesses. Additionally, emerging issues such as genetically modified organisms (GMOs) and allergens require stringent regulations to ensure consumer safety.

**Global Challenges and Solutions**

Globalization has connected food supply chains worldwide, making food safety a complex international issue. Harmonizing food safety standards, enhancing international cooperation, and implementing strict regulations are essential. Initiatives like the Codex Alimentarius, created by the World Health Organization (WHO) and the Food and



Agriculture Organization (FAO), provide international guidelines to ensure food safety and facilitate international trade.

# टीआरपी के जाल में फंसा इलेक्ट्रॉनिक मीडिया



अमित शर्मा

> टीआरपी लाने के लिए न्यूज चैनल किसी हद तक जाने को तैयार दिखते हैं। टीआरपी लाने का मतलब है दर्शक को किसी भी तरह अपने चैनल पर रोक कर रखना। इसके लिए न्यूज चैनलों ने हर दांव-पैंतरे आजमाए। पर्दे पर सनसनी परोसना, भूत-प्रेत जैसी अविश्वसनीय कहानियां को सच बताकर दिखाना, नाग-नागिन के जोड़े का महिमा बखान करना या फिर सास-बहु के झगडे को राष्ट्रीय चैनल पर लाइव दिखाना – ऐसे कई उदाहरण रहे जब न्यूज चैनलों ने खुद को हंसी का पात्र बना लिया।

हमारे देश में टीवी न्यूज़ की शुरुआत दूरदर्शन से हुई थी। अस्सी के दशक में दूरदर्शन की लोकप्रियता घर-घर में पहुंची। उसके साथ ही दूरदर्शन के न्यूज़ बुलेटिन भी लोकप्रिय होने लगे। हमारे देश में ऐसा पहली बार था जब लोगों ने लाइव तस्वीरों के साथ न्यूज़ देखना शुरु किया। विजुअल्स का दिखना ही उस समय बड़ी बात होती थी। मनोरंजन के कार्यक्रमों के बीच देर शाम आने वाले न्यूज़ बुलेटिन जल्द ही लोगों की दिनचर्या का हिस्सा-सा बन गए। इससे पहले सिर्फ अखबारों के माध्यम से ही लोगों तक खबरें पहुंचती थी। उसके बाद रेडियो ने लोगों तक खबरें पहुंचायी। लेकिन रेडियो इलेक्ट्रॉनिक मीडिया का हिस्सा होने के बाद भी सिर्फ ऑडियो माध्यम था। टीवी ने पहली बार लोगों तक ऑडियो- विजुअल माध्यम से खबरें पहुंचायी। विजुअल माध्यम को लोगों के दिल-दिमाग तक पहुंचने का सबसे सशक्त माध्यम माना जाता है। अखबारों से खबरें जानने के लिए लोगों को पढ़ना आना चाहिए। लेकिन इलेक्ट्रॉनिक मीडिया, बिना पढ़ना-लिखना जानने वाले लोगों के लिए भी उतना ही उपयोगी है। इसमें भी रेडियो के मुकाबले टीवी की धाक ज्यादा मानी जाती है क्योकि देखी गयी तस्वीरें लोगों के दिमाग में बस जाती हैं।

### दूरदर्शन पर न्यूज बुलेटिन की लोकप्रियता

दूरदर्शन से पहला टीवी प्रसारण सन् 1959 ई. में हुआ था। इसके 6 वर्ष बाद दूरदर्शन ने अपना पहला न्यूज बुलेटिन प्रसारित किया था जिसकी अवधि 5 मिनट थी। सन् 1982 में दिल्ली एशियाड के सीधे प्रसारण से देश में दूरदर्शन के राष्ट्रीय प्रसारण की शुरुआत हुई। इसके साथ ही दूरदर्शन के रंगीन प्रसारण की भी शुरुआत इसी साल हुई। धीरे-धीरे अपने धारावाहिकों और अन्य कार्यक्रमों की लोकप्रियता की वजह से टीवी देश के घर-घर में पहुंच गया। टीवी की लोकप्रियता उस वक्त शिखर पर थी। टीवी ने लोगों की शाम बिताने की आदत बदल ली। अब शाम का ज्यादातर वक्त टीवी के सामने गुजरने लगा। इसी दौरान देर शाम आने वाले दूरदर्शन के न्यूज बुलेटिन भी लोकप्रियता का आसमान छूने लगे। उस वक्त दूरदर्शन के न्यूज बुलेटिन बहुत ही साधारण हुआ करते थे। कई बार तो न्यूज रीडर सिर्फ खबरों को पढ़ भर दिया करता था। लेकिन फिर भी अकेला माध्यम होने की वजह से ये न्यूज बुलेटिन घर-घर में देखे जाते थे। उस वक्त के न्यूज रीडरों की लोकप्रियता भी चरम पर थी। सलमा सुल्ताना, मंजरी जोशी, शम्मी नारंग जैसे कई नाम लोगों के जुबां पर थे। इन न्यूज़ रीडर्स की लोकप्रियता की तुलना आज के एंकर्स से नहीं की जा सकती। इन सबको एक स्टार जैसा रुतबा लोगों के बीच हासिल था।

### सरकार का भोंपू बना दूरदर्शन न्यूज

लेकिन फिर दूरदर्शन धीरे-धीरे कांग्रेस सरकार के प्रचार तंत्र की तरह काम करने लगा। राजीव गांधी जब प्रधानमंत्री थे, उस वक्त तो दूरदर्शन का नाम ही मजाक में पीएम दर्शन पड़ गया था। दूरदर्शन के हर न्यूज बुलेटिन की शुरुआत प्रधानमंत्री के दौरों और उनके भाषणों से ही होती थी। इसी दौरान दूरदर्शन का नाम बुद्धू बक्सा या इडियट बॉक्स पड़ा। दूरदर्शन के न्यूज धीरे-धीरे सरकार के प्रचार का जरिया बन कर रह गए। सरकार विरोधी खबरें दूरदर्शन पर दूर-दूर तक नहीं दिखती थी। दूरदर्शन के न्यूज़ की निष्पक्षता पर सवाल उठने लगे थे।

### प्राइवेट चैनलों का दौर

इसके बाद भूमंडलीकरण के दौर की शुरुआत हुई। भारत में न्यूज चैनलों का चेहरा भी बदला। सबसे पहले डीडी मेट्रो पर इंडिया टुडे ग्रुप ने आधे घंटे के न्यूज बुलेटिन की शुरुआत की। आजतक नाम के इस न्यूज बुलेटिन को सुप्रसिद्ध पत्रकार सुरेन्द्र प्रताप सिंह प्रस्तुत करते थे। इस न्यूज बुलेटिन ने लोगों को बीच जबरदस्त लोकप्रियता हासिल की। लोगों के बीच एसपी के नाम से लोकप्रिय सुरेन्द्र प्रताप सिंह ने टीवी पत्रकारिता की नयी परिभाषा लिखी। बुलेटिन के अंत में उनके द्वारा बोले जाने वाली टैगलाइन थी- ये थी खबरें आज तक, इंतजार कीजिए कल तक। एसपी की ये टैगलाइन भी खूब चर्चित हुई और आजतक लोगों के ज़ेहन में बसी है। बाद में सन् १९९९ में आज तक ने खुद का २४ घंटे का न्यूज चैनल भी शुरु किया।

स्टार न्यूज, जी-न्यूज जैसे अन्य भारतीय न्यूज चैनल भी प्राइवेट न्यूज चैनलों की फेहरिस्त का हिस्सा था। बाद में एनडीटीवी, सहारा समय, इंडिया टीवी, न्यूज२४ जैसे कई प्रसिद्ध नाम इस लिस्ट में जुड़े।

न्यूज चैनलों से पहले प्राइवेट मनोरंजन चैनलों का दौर शुरु हो चुका था। सन् १९९२ में जी-टीवी ने पहला चैनल शुरु किया था। जी ने बाद में जी-न्यूज के नाम से न्यूज चैनल भी शुरु किया। इसके साथ ही स्टार टेलिविजन नेटवर्क ने भी कई चैनल हमारे देश में शुरु किए। न्यूज चैनलों में लोगों को पहली बार बीबीसी और सीएनएन जैसे चैनल अपने देश में लाइव देखने को मिले। स्टार ने प्रणव राय की कंपनी एनडीटीवी के साथ मिलकर स्टार न्यूज की शुरुआत की। हालांकि बाद में स्टार न्यूज और एनडीटीवी की राह अलग-अलग हो गयी और दोनों ने अपने अलग न्यूज चैनल चलाए। स्टार न्यूज को बाद के दौर में अमृत बाजार पत्रिका ग्रुप ने ले लिया और इसका नाम एबीपी न्यूज कर दिया गया।

प्राइवेट न्यूज चैनलों ने दूरदर्शन की पत्रकारिता से अलग राह पकड़ी। लोगों को टीवी न्यूज की असल ताकत पता चली। ब्रेकिंग खबरों का दौर चला। लोगों के बीच





सबसे पहले खबर पहुंचाने की होड़ चली। सरकारी भोंपू की तरह बजने वाले दूरदर्शन पर बासी खबरें देख-देख कर बोर हो रहे दर्शकों के लिए ये सब कुछ किसी ताजा हवा के झोंके जैसा था।

### न्यूज चैनलों का सुनहरा दौर

२१वीं सदी का पहला दशक प्राइवेट न्यूज चैनलों के लिए स्वर्णिम काल माना जाएगा। इस दौरान कई बडे न्यूज चैनलों ने खुद को जनता के प्रतिनिधि के तौर पर प्रस्तुत किया। जनसरोकार की खबरें लोगों तक पहुंचायी गयी। कई बार इलेक्ट्रानिक चैनलों की साझा मुहिम ने सरकार को अपना रुख बदलने पर मजबूर किया। विजुअल्स और उसके प्रस्तुतिकरण में नए प्रयोग किए गए। कई नए मिजाज के कार्यक्रम दर्शकों के बीच खासे लोकप्रिय रहे। लोगों के बीच न्यूज चैनलों की विश्वसनीयता बरकरार रही। ऐसी ऐसी खबरें लोगों को न्यूज चैनलों पर लाइव देखने को मिली जिसके बारे में सोचा भी नहीं गया था। कई स्टिंग भी सामने आए और कई भ्रष्टाचारियों पर नकेल कसी गयी।

### व्यवसाय बनती पत्रकारिता

लेकिन इसी दौरान अंदर ही अंदर बहुत कुछ बदल रहा था। शुरुआत दरअसल पत्रकारिता के बदलते पैमानों के साथ ही हो चुकी थी। अखबारों में संपादक जैसी संस्था कमजोर पड़ने लगी थी। मैनेजर्स अब धीरे-धीरे अखबारों पर हावी होने लगे थे। अखबार को नए दौर में प्रोडक्ट समझा जाना लगा था। पत्रकारिता पर व्यवसायिकता हावी हो गयी थी। पत्रकारिता अब मिशन नहीं सिर्फ प्रोफेशन रह गयी थी।

टीवी चैनलों पर व्यवसायिकता का जोर अखबारों से कहीं ज्यादा दिखा। टीवी चैनलों को चलाना अखबारों से कई गुना ज्यादा खर्चीला था और ऐसे में इनसे लाभ पाने की उम्मीदें भी इन चैनलों के मालिकों को ज्यादा थी। वो दौर आ चुका था जब व्यवसाय बन चुकी पत्रकारिता में कोई भी न्यूज चैनलों को घाटे में चलाने के लिए तैयार नहीं था।

न्यूज चैनलों की आमदनी का सबसे बड़ा जरिया थे – विज्ञापन। लेकिन विज्ञापनों की डोर बंधी थी टीआरपी के साथ। टीआरपी यानि टेलिविजन रेटिंग पाइंट। ये एक नया जुमला था जो न्यूज चैनलों के लिए संजीवनी बन चुका था। जिस चैनल की टीआरपी जितनी ज्यादा, उस चैनल को मिलने वाले विज्ञापन और आमदनी भी उतनी ही ज्यादा।

### क्या है टीआरपी?

दरअसल हमारे देश में टीआरपी नापने का काम बार्क (BARC) करता है। Broadcast Audience Research Council यानि बार्क इंडिया एक संयुक्त उद्योग उपक्रम है जिसमें प्रसारणकर्ता, विज्ञापनदाता और मीडिया एजेंसी का प्रतिनिधित्व करने वाले स्टॉकहोल्डर मिलकर चलाते हैं। यह दुनिया का सबसे बड़ा टेलिविजन मेजरमेंट निकाय है।

बार्क कई हजार फ्रीक्वेंसी का डेटा लेकर पूरे टीवी चैनलों की टीआरपी का अनुमान लगाती है। इसके लिए पूरे देश में कुछ दर्शकों को सैंपल के तौर पर ऱखा जाता है। इनके घरों में टीवी सेट में स्पेशल गैजेट, जिसे बैरोमीटर कहते हैं, लगे रहते हैं जो दर्शकों के देखे जाने वाले कार्यक्रमों की गणना कर ये पता लगाता है कि कौन सा चैनल और कौन सा कार्यक्रम सबसे ज्यादा देखे जा रहे हैं। माना जाता है बार्क ने पूरे देश में करीब 45 हजार घरों में ये बैरोमीटर लगाए हैं, जो पूरे देश की टीआरपी तय करते हैं।

### टीआरपी पर उठते रहे हैं सवाल

हालांकि टीआरपी शुरु से ही सवालों के दायरे में रही है। हाल ही में हुए टीआरपी घोटाले ने इसके बारे में शक को और गहरा कर दिया है। ऐसे आरोप लगते रहे हैं कि टीआरपी से छेड़-छाड़ की जा सकती है और इसे प्रभावित किया जा सकता है। पूरे देश के लिए इस सैंपल साइज को बहुत छोटा माना जाता है और इससे कार्यक्रमों की सफलता या असफलता तय करने पर भी सवाल खड़े होते रहे हैं। कई बार ऐसे भी आरोप लगते रहे हैं कि जिन दर्शकों के घर पर बैरोमीटर लगे होते हैं चैनल उनके बारे में पता लगाकर उन्हें प्रभावित कर लेते हैं और अपने पक्ष में टीआरपी लेते आते हैं।

### टीआरपी के जाल में फंसे चैनल

लेकिन फिर भी टीआरपी विज्ञापनदाताओं के लिए महत्वपूर्ण होती है और यही माना जाता है कि जिसकी टीआरपी जितनी ज्यादा है वो उतना देखा जा रहा है। इसी से टीवी न्यूज चैनलों की आमदनी तय होती है।ऐसे में टीआरपी लाने के लिए न्यूज चैनल किसी हद तक जाने को तैयार दिखते हैं।

टीआरपी लाने का मतलब है दर्शक को किसी भी तरह अपने चैनल पर रोक कर रखना। इसके लिए न्यूज चैनलों ने हर दांव-पैंतरे आजमाए। पर्दे पर सनसनी परोसना, भूत-प्रेत जैसी अविश्वसनीय कहानियां को सच बताकर दिखाना, नाग-नागिन के जोडे का महिमा बखान करना या फिर सास-बहु के झगड़े को राष्ट्रीय चैनल पर लाइव दिखाना – ऐसे कई उदाहरण रहे जब न्यूज चैनलों ने खुद को हंसी का पात्र बना लिया। यहीं कारण रहा कि टीआरपी की इस रेस ने न्यूज चैनलों की विश्वसनीयता पर ही सवाल खड़े कर दिए।

# अभिनय के हर फन में माहिर अनुपम खेर



अकांक्षा रॉय

बॉलीवुड में बहुत कम ऐसे अभिनेता हैं जो अभिनय के हर क्षेत्र में सफलतापूर्वक फिट बैठते हो - चाहे हीरो हो या विलेन, बूढ़ा हो या कॉमेडियन। इस श्रेणी में बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता अनुपम खेर का नाम बिल्कुल फिट बैठता है। अपने साढ़े तीन दशक लंबे करियर में 500 से अधिक फिल्मों में काम कर चुके अनुपम खेर देश के सबसे लोकप्रिय अभिनेताओं में से एक हैं। अपने फिल्मी करियर के शुरुआती दिनों में इन्हें मुंबई में काफी संघर्ष करना पड़ा था।

कई फिल्मों में काम कर चुके सुपरस्टार एक्टर अनुपम खेर का जन्म 7 मार्च, 1955 को हिमाचल प्रदेश की राजधानी शिमला के एक ऐसे कश्मीरी पंडित परिवार में हुआ था जिनकी जड़ें श्रीनगर से जुड़ी हुई हैं। इनके पिता पुष्कर नाथ खेर हिमाचल प्रदेश की वन मंडल में एक क्लर्क की पोस्ट पर काम करते थे। अनुपम की प्राथमिक शिक्षा डीएवी पब्लिक स्कूल से शुरू हुई थी। पढ़ाई के मामले में अनुपम हमेशा से ही एक कमजोर विद्यार्थी रहें, जिन्होंने एकेडमिक्स में कभी भी बहुत अच्छा परफॉर्म नहीं किया था। स्पोर्ट्स में भी वह ठीक ठाक ही रहे थे लेकिन वह थिएटर और ड्रामा में काफी निपुण थे और शायद इसी की वजह से उन्होंने अपने इकोनॉमिक्स की पढ़ाई छोड़कर चंडीगढ़ में स्थित पंजाब यूनिवर्सिटी से अभिनय के कोर्स के द्वारा एक एक्टर की स्किल्स को सीखने का मन बनाया। इस यूनिवर्सिटी के डिपार्टमेंट ऑफ थिएटर में पूरा साल बिताने के दौरान उन्होंने अपने कौशल के दम पर गोल्ड मेडल जीता और इस मेडल की वजह से उन्हें नेशनल स्कूल ऑफ ड्रामा में डायरेक्ट एंट्री मिल गई थी। नेशनल स्कूल ऑफ ड्रामा एक थिएटर ट्रेनिंग इंस्टिट्यूट है, जिसको भारत सरकार की मिनिस्ट्री ऑफ कल्चर के द्वारा चलाया जाता है। अनुपम ने साल 1978 में एनएसडी से अपनी ग्रेजुएशन की डिग्री प्राप्त की थी। इसके तुरंत बाद भारतेन्दु अकादमी में उन्हें लेक्चरर इन ड्रामा की जॉब भी मिल गई। इसके लिए उनका लखनऊ जाना हुआ, लेकिन जल्द ही उन्होंने इस जॉब को छोड़ दिया और एक्टिंग के जॉब की तलाश में मुंबई आ गए थे, जहां अपने सपनों को पूरा करने के लिए उनका संघर्ष शुरू हुआ। कभी-कभी तो स्थिति ऐसी होती थी कि उन्हें कई दिनों तक रेलवे प्लेटफार्म पर ही सोना पड़ता था। काम की तलाश में काफी भटकने और कई प्रोड्यूसर्स द्वारा रिजेक्ट किए जाने के बाद आख़िरकार अनुपम की मुलाकात महेश भट्ट से हुई। जिन्होंने अनुपम पर पूरा विश्वास दिखाया और "सारांश" फिल्म के लीड रोल के लिए उन्हें चुना। उस वक्त फिल्म के प्रोड्यूसर्स को अनुपम के इस रोल से काफी नाराजगी थी और वह ऐसे किसी भी एक्सपेरिमेंट के लिए बिल्कुल भी तैयार नहीं थे, लेकिन महेश भट्ट का अनुपम पर पूरा भरोसा था और उन्होंने प्रोडक्शन हाउस को यह तक कह दिया था कि वह इस फिल्म को उसी शर्त पर बनाएंगे जब अनुपम इस फिल्म का हिस्सा होंगे और कुछ इस तरीके से 'सारांश' मूवी के जरिए अनुपम ने बड़े पर्दे पर डेब्यू किया था। इस फिल्म में अनुपम की एक्टिंग को लोगों के द्वारा काफी सराहा गया था क्योंकि इस फिल्म में उन्होंने 65 साल के आदमी का किरदार निभाया था और किसी भी 28 या 29 साल के अभिनेता के लिए यह रोल बिल्कुल भी आसान नहीं होता। इस फिल्म के हिट होते ही अनुपम ने खूब प्रसिद्धि बटोरी और इसके सिर्फ 2 हफ्ते के अंदर उन्हें 100 से भी ज्यादा फिल्मों के ऑफर आ गए थे। इसके साथ ही उन्हें कई अवाड्र्स से भी नवाजा गया, जिसमें फिल्म फेयर अवॉर्ड फॉर बेस्ट एक्टर का अवार्ड भी शामिल रहा। इसके बाद अनुपम ने लगातार कई फिल्मों में काम किया। साल 1989 में अनुपम ने अपनी परफॉर्मेंस से पूरी फिल्म इंडस्ट्री को हिला दिया था। इनकी दो सुपरहिट फिल्म 'रामलखन' और 'डैडी' उसी साल रिलीज हुई थी। इसके लिए उन्हें नेशनल अवॉड्र्स के अलावा कई फिल्म फेयर अवार्ड से भी सम्मानित किया गया था। इसके बाद साल 1990 में आमिर खान और माधुरी दीक्षित के साथ "दिल", 1991 में "लम्हें", 1992 में "बेटा", 1993 में "डर" और फिर 1994 में "लाडला" जैसे फिल्मों के जरिए अपने फिल्मी करियर को आगे ले जाने का काम किया और फिर इसी साल इनकी एक ऐसी फिल्म रिलीज हुई जिसने उस वक्त से पहले तक रिलीज हुई सभी फिल्मों से ज्यादा का व्यवसाय किया था। आपको जानकर आश्चर्य होगा कि 'हम आपके हैं कौन' का बजट सिर्फ 6 करोड़ था, जिसने करीब 70 करोड़ कमाए थे| इसके अगले ही साल 'दिलवाले दुल्हनिया ले जायेंगे' रिलीज हुई, जो आज तक भी लोगों के बीच काफी पॉपुलर है| फिर उन्होंने 'कुछ कुछ होता है', 'हम आपके दिल में रहते हैं' और 'हसीना मान जाएगी' जैसी फिल्मों में काम किया, जो व्यवसायिक रूप से काफी सफल रही और इस वक्त तक आते-आते अनुपम खेर ने बॉलीवुड में पूरे तरीके से अपने पैर पसार लिए थे और अब वह बॉलीवुड के बड़े अभिनेताओं में से एक बन चुके थे। इसके बाद से लेकर अब तक अनुपम ने 100 से ज्यादा बॉलीवुड फिल्मों में काम किया है, जिसमें 'विवाह', 'वीर जारा', 'यमला पगला दीवाना', 'स्पेशल 26', 'सिंघम रिटर्न्स' और 'एम एस धोनी - द अनटोल्ड स्टोरी' जैसे कई सुपरहिट फिल्में शामिल है।



इसके अलावा इन्होंने 'द एक्सीडेंटल प्राइम मिनिस्टर' जैसी फिल्म में भी काम किया, जो काफी विवादित रही। इस फिल्म के बारे में जिक्र करते हुए अनुपम खुद भी बताते हैं कि यह उनके करियर का सबसे मुश्किल रोल था जिसे प्ले करने के लिए उन्हें काफी कठिनाईयों का सामना करना पड़ा था। और फिर 11 मार्च 2022 को थियेटर में रिलीज होने वाली 'द कश्मीर फाइल्स' में अनुपम की एक्टिंग स्किल्स नए एक्टर्स के लिए प्रेरणा की तरह साबित हुई। फिल्म में इनके द्वारा किए गए अभिनय से पता चलता है कि इन्होंने ना सिर्फ अपने फिल्मी रोल को प्ले किया है बल्कि खुद को अपने इस किरदार में जिया भी है। हिंदी फिल्मों के अलावा अनुपम तेलुगू, मलयालम, इंग्लिश, चाइनीस, तमिल, पंजाबी और मराठी भाषाओं की भी कई फिल्मों में काम किया है। फिल्म इंडस्ट्री में उनके इन्हीं योगदानों की वजह से उन्हें कई नेशनल अवार्ड से सम्मानित किया गया है। इसमें साल 1990 और 2006 के स्पेशल जूरी अवॉर्ड भी शामिल हैं। इसके अलावा साल 2004 में 'पद्मश्री' और 2016 में 'पद्म विभूषण' से इन्हें सम्मानित किया जा चुका है। एक फिल्म एक्टर के अलावा उन्होंने प्रोड्यूसर के रूप में भी इंडियन सिनेमा में अपना योगदान दिया है, लेकिन इस फील्ड में उन्हें कुछ खास सफलता नहीं मिली। इसी प्रकार उन्होंने एक डायरेक्टर के रोल में भी अपने आप को आजमाया, लेकिन वहां भी वह ज्यादा सफल ना हो सके।

फिल्मों की दुनिया में अपनी अलग पहचान बनाने वाले अनुपम ने 'लीड इंडिया द अनुपम खेर शो' जैसे कुछ टीवी सीरीज को भी होस्ट करने का काम किया है। इसके अलावा कुछ समय के लिए 'नेशनल स्कूल ऑफ ड्रामा' और 'द सेंसर बोर्ड ऑफ इंडिया' के अध्यक्ष के रूप में भी इन्होंने अपनी जिम्मेदारी निभाई है। साल 2008 में अनुपम खेर ने 'अनुपम खेर फाउंडेशन' के नाम से एक फाउंडेशन की शुरुआत की, जिसका उद्देश्य बच्चों को शिक्षा प्रदान करना था|

इसके अलावा इस फाउंडेशन ने उन लोगों की मेडिकल केयर का भी इंतजाम किया जो बीमारियों से पीड़ित थे। सफल फिल्म अभिनेता होने के अलावा अनुपम एक सफल उद्यमी भी हैं, जिन्होंने कई ग्रोइंग एसेट्स में इन्वेस्ट किया है। अगर हम बात करें इनकी निजी जीवन के बारे में तो मशहूर फिल्म अभिनेत्री और भारतीय जनता पार्टी की एमपी किरण खेर इनकी लाइफ पाटनर हैं। अभिनेता सिकंदर खेर उनके सौतेले बेटे हैं। उनके भाई राजू खेर एक टीवी और फिल्म अभिनेता हैं।

**RNI No.:** DEL/BIL/2004/14598
**Publisher: Ram Kailsah Gupta** on behalf of Tecnia Institute of Advanced Studies, 3 PSP, Madhuban Chowk, Rohini, Delhi-85; **Printer:** Ramesh Chander Dogra; **Printed at:** Dogra Printing Press, 17/69, Jhan Singh Nagar, Anand Parbat, New Delhi-5
**Editor: Amit Sharma** responsible for selection of News under PRB Act. All rights reserved.
Email :
**youngster@tecnia.in**



(Mandala Art)



(Composition Art)



(Madhubani Art)



by Rishita